Headline

1. BJP-JJP: 'कड़वाहट पैदा होती है तो खुशी से अलग हो जाएंगे', गठबंधन को लेकर ऐसा क्यों बोले दुष्यंत चौटाला
2. Gujarat : पोरबंदर में ATS को मिली बड़ी सफलता, ISIS के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, 4 संदिग्ध गिरफ्तार
3. Weather: चक्रवात 'बिपरजॉय' बनेगा और भी खतरनाक, कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट, कहीं बढ़ेगा गर्मी का कहर
4. Kerala: हर दिन सड़क हादसों में हो रही थीं 10-12 मौतें, परिवहन मंत्री का दावा- AI कैमरों की वजह से आई इतनी कमी
5. US: 'न्याय मंत्रालय को हथियार बना रहे बाइडन', गुप्त दस्तावेज मामले में ट्रंप के खिलाफ मुकदमे पर भड़का विपक्ष

सगुनु खीरु अवगुन जलु ताता। मिलइ रचइ परपंचु बिधाता।।
भरतु हंस रबिबंस तड़ागा। जनमि कीन्ह गुन दोष बिभागा।।

रामकथा 918-मानस-परमहंस | बेलूर मठ, प. बंगाल | मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 331 | इंदौर, शनिवार 10 जून, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

शिवराज ने एमपी को घोटाला प्रदेश बना दिया : कमलनाथ

अधिकारियों को मंच से दी चेतावनी कल के बाद परसों भी आएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

खंडवा। 2023 के विधानसभा चुनाव में एक-एक सीट पर फूंक-फूंककर कांग्रेस कदम रख रही है। 15 हार्ड सीट्स में हरसूद भी आता है। यहां कमलनाथ ने इतना ओजस्वी भाषण दिया, कि प्रदेश के राजनीतिक दंग रह गए।

अगली सरकार मुद्दे पर आत्मविश्वास से लबरेज कमलनाथ ने मंच से अधिकारियों को कड़क लहजे में चेतावनी दी, कि कल के बाद परसों भी आएगा। हम सब देख रहे हैं। कमलनाथ 2018 का नहीं, बल्कि 2030 का मॉडल हैं। इसलिए याद रखो कि किसी के दबाव में ना आएं। जनता आपका सर्टिफिकेट देगी। भाजपा के मुगालते में ना रहें।

हरसूद को छिंदवाड़ा जैसी प्राथमिकता देने की कही बात

● कर्जा लेकर कमीशन खाया!

कमलनाथ ने हरसूद में साफ कहा कि 3 लाख 30 हजार करोड़ रुपए भाजपा की शिवराज सरकार ने कर्जा ले लिया। अब अगले 5 माह में और कितना कर्जा लेंगे, पता नहीं! इसका ब्याज चुकाने के लिए भी कर्जा लेना पड़ेगा। सवाल ये उठता है कि इस रुपए में शिक्षाकर्मियों, ऊषा और आशा कार्यकतार्ओं या हरसूद विकास के लिए कितना खर्च करना पड़ा? इन्होंने इन पर 1 रूपया खर्चा नहीं किया, बल्कि बड़े ठेको में पैसा झोंक दिया, ताकि भाजपाइयों को मोटा कमीशन मिल सके।

● 18 साल में दीमक की तरह चट कर दिया प्रदेश

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने हरसूद में कहा कि शिवराज की डबल एंजिन सरकार ने 18 साल में मध्यप्रदेश को दीमक की तरह चट कर दिया। 18 साल में शिवराज सरकार ने 22 हजार अधूरी घोषणाएं की हैं।

एमपी में मानसून की एंट्री से पहले दो सिस्टम एक्टिव

प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की बारिश; कहीं-कहीं हवा की स्पीड 70 किमी तक रहेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मानसून की एंट्री से पहले मध्यप्रदेश में दो सिस्टम एक्टिव हैं। इससे प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की बारिश हो रही है। तेज हवा भी चल रही है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो आने वाले दिनों में हवा की स्पीड बढ़ेगी। यह 70 किमी या इससे ज्यादा रह सकती है। भोपाल में हवा की रफ्तार 50 किमी तक रहने की संभावना है।

मौसम वैज्ञानिक एसएन साहू ने बताया कि उत्तराखंड के ऊपर वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव है, जबकि छत्तीसगढ़-ओडिशा में चक्रवात है। इन दोनों सिस्टम का असर मध्यप्रदेश में भी दिख रहा है। इस वजह से कहीं-कहीं हल्की बारिश हो रही है। उधर, पिछले 24 घंटे में ग्वालियर में 1.6, टीकमगढ़ में 1.0, नरसिंहपुर में 1.0 मिमी बारिश हुई है।

रीवा में आंधी-पानी, ग्वालियर-नरसिंहपुर में भी बारिश- शुक्रवार को ग्वालियर और नरसिंहपुर में बारिश हुई। रीवा के त्योंथर में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यक्रम में तेज आंधी और बारिश होने लगी। यहां आयोजित कोल सम्मेलन में ष्टरू को अपनी स्पीच शॉर्ट में निपटानी पड़ी। कार्यक्रम भी दो घंटे पहले ही समाप्त करना पड़ा। मुख्यमंत्री के मंच छोड़ते ही तेज बारिश शुरू हो गई। तेज हवा के कारण टेंट उड़ गया। टेंट की चादरें और पोस्टर भी फट गए। कार्यक्रम का मुख्य गेट गिर गया। लोग पानी से बचने के लिए इधर-उधर छिपते नजर आए। वहीं, रात में कई शहरों में तेज आंधी भी चली।

आज इन शहरों में बारिश की संभावना- मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को मुरैना, भिंड, ग्वालियर, छिंदवाड़ा, मंडला, बालाघाट और सिवनी में हल्की बारिश हो सकती है। सीहोर, बैतूल, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, धार, देवास में भी मौसम बदलेगा।

भोपाल में कल से तेज धूप- भोपाल में 10 जून को हल्की बारिश की संभावना है। वहीं, कल यानी 11 जून से अगले 3 दिन तक तेज धूप निकल सकती है। हालांकि, तापमान में ज्यादा बढ़ोतरी नहीं होगी। दिन का तापमान 40-41 डिग्री और रात में पारा 26-27 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि आने वाले कुछ दिनों तक भोपाल में हवा की रफ्तार ज्यादा रहेगी। यह 50् यद्व प्रतिघंटा तक पहुंच सकती है।

कई शहरों में हवा की रफ्तार ज्यादा- पिछले दो दिन से प्रदेश में तेज आंधी चल रही है, जो सामान्य से दो-तीन गुनी ज्यादा है। शाजापुर में 59् यद्व, शिवपुरी में 51् यद्व की रफ्तार से हवाएं चलीं। अशोकनगर, सीहोर में 50 किमी रफ्तार रही। इसके अलावा भोपाल, ग्वालियर, गुना, इंदौर, खंडवा, सागर, पन्ना में भी रफ्तार ज्यादा रही।

21 शहरों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार- शुक्रवार को दमोह, खजुराहो और नौगांव में सूरज ने तीखे तेवर दिखाए। यहां पारा 43 डिग्री के पार पहुंच गया। इसके अलावा खरगोन, सतना, सीधी, उमरिया, खंडवा, टीकमगढ़ में भी गर्मी का असर तेज रहा। भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर में तापमान 40 डिग्री के पार ही रहा। प्रदेश के 21 शहरों में पारा 40 या इससे ज्यादा दर्ज किया गया।

शहर के सभी 85 वार्डों में होंगे लाड़ली बहना योजना के कार्यक्रम ...

प्रभारी मंत्री जारी करेंगे अधिकृत सूची, विधायकों से नगर भाजपा ने लिए नाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान 10 जून को मध्यप्रदेश की लाड़ली बहनाओं के खाते में एक-एक हजार रुपए डालने जा रहे हैं। इंदौर के हर वार्ड में सरकारी कार्यक्रम होंगे जिसमें पार्षद के साथ वरिष्ठ भाजपाई भी सरकारी अतिथि होंगे। नगर संगठन ने प्रभारी मंत्री को सूची दे दी है जिसे सरकारी तौर पर जारी किया जाएगा।

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की लाड़ली लक्ष्मी योजना को गेम चेंजर माना जा रहा है। मध्यप्रदेश की एक करोड़ से अधिक महिलाओं के खाते में एक-एक हजार रुपए हर माह सरकार डालेगी। सभी महिलाओं के फॉर्म जमा होने के साथ में बैंक की डिटेल ली गई थी। खाता सही है जिसकी जांच करने लिए सभी के खाते में एक एक रुपए डाले गए। अब शनिवार को मुख्यमंत्री चौहान योजना की शुरूआत करने जा रहे हैं। पहली किश्त जारी की जाएगी, जिसको लेकर प्रदेशभर में कार्यक्रम होंगे।

वरिष्ठ नेता रहेंगे कार्यक्रम के अतिथि

मुख्यमंत्री चौहान खुद भोपाल के कार्यक्रम में रहेंगे तो इंदौर के 85 वार्डों में बड़े आयोजन होंगे। 65 वार्डों में तो भाजपा के पार्षद हैं, लेकिन जहां पर नहीं है वहां पर प्रत्याशी रहे नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को अतिथि के तौर कार्यक्रम में भी बुलाया जाएगा। चूंकि आयोजन सरकारी है इसलिए सरकार की ओर से घोषित किया जाना भी आवश्यक है। इसलिए नगर भाजपा ने सूची बनाकर प्रभारी मंत्री नरोत्तम र मिश्रा को सौंप द अनुमोदन करके जिला प्रशासन व नगर निगम को भेजेंगे। आज सूचीं जारी कर दी जाएगी।

विधायक ने दिए नाम

वार्ड स्तर पर अतिथि के रूप में पहुंचने वालों के नाम विधायकों ने दिए है ताकि विवाद की स्थिति नहीं बने। उसमें भी वरिष्ठों के नाम देने का आग्रह किया गया था। हालांकि विधायकों ने भी संतुलन बनाने के हिसाब से नाम दिए थे।

बनाए जाएंगे पंडाल, जुटेगी भीड़

वार्ड स्तर पर होने वाले आयोजनों में लाड़ली बहनों को बुलाया जाएगा। ऐसा स्थान तय किया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं को बैठने की जगह रहेगी। उसके अलावा पंडाल को व्यवस्थित किया जाएगा। मुख्यमंत्री चौहान 5 बजे कार्यक्रम में शामिल होंगे उसके एक घंटे पहले वार्डो में आयोजन शुरू हो जाएंगे जिसमें पार्षद व अतिथि का उद्बोधन होगा।

पीपल्याहाना ब्रिज के नीचे खेल गतिविधियां प्रारंभ

● 1000 रुपये से 1200 रुपये प्रति घंटे की दर पर स्पेस मिलेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर विकास प्राधिकरण ने पीपल्याहाना ब्रिज के नीचे खेल गतिविधियों के लिए जो जगह निकाली थी वह अब लगभग रोज बुक होने लगी है। करीब एक माह पहले ये खेल गतिविधियां शुरू हुई है। यहां 1000 रुपये प्रति घंटे से 1200 रुपये प्रति घंटे की दर पर स्पेस मिल जाएगी हालांकि पेमेंट में अंतर शनिवार-रविवार को बढ़ जाता है।

पिछले दिनों आर.वाय. इंटरप्राइजेस फर्म ने यह स्पेस ली है जिसने बुकिंग के लिए मौके पर अपने मोबाइल नंबर दिए हैं। यहां सुबह 6 बजे से लेकर रात 3 बजे तक आप खेल गतिविधियों का आनंद ले सकते हैं। सोमवार से शुक्रवार तक प्रति घंटा 1000 रुपये लिया जाता है जबकि शनिवार व रविवार के दिन यह राशि 1200 रुपये हो जाती है । क्रिकेट और फुटबॉल की गतिविधियां यहां चल रही है जिसके लिए किट फर्म ही उपलब्ध करा रही है। फिलहाल युवा वर्ग यहां दिखाई देने लगा है और प्रतिदिन रात में यह मैदान खिलाडिय़ों से रोशन हो रहा है। कभी युवा यहां फुटबॉल तो कभी क्रिकेट खेलते दिख जाते हैं।

बताया गया है की यहां खास बात तो यह है कि ब्रिज के नीचे जहां यह मैदान है वहां यातायात का सिग्नल भी लगा है। जब भी रेड सिग्नल होता है तो जो वाहन चालक यहां रूकते है उनका ध्यान ये मैदान खींच लेता है। कई लोग यहां वाहन पार्क करके भी खेल का आनंद लेते हैं। चूंकि मैदान के समीप ही रिक्त स्पेस है जिससे काफी वाहन यहां पार्क किए जा सकते हैं। खास बात यह है कि इस मैदान की तारीफ की जा रही है क्योंकि अन्य ब्रिज के नीचे लोग अतिक्रमण करके बैठ जाते हैं। यहां प्राधिकरण के पास तो इसकी राशि जा रही है साथ ही अतिक्रमण से भी यह स्थान बचा हुआ रहेगा।

मेयर इन कौंसिल बैठक संपन्न, शहर से जुड़े कई मुद्दों को मिली हरी झंडी

5 स्थानों पर बनेंगे फूट ओव्हर ब्रिज, 400 कॉलोनियों के स्ट्रीट लाइट का बिल अब निगम भरेगा

ग्रीन वेस्ट का सदुपयोग कर पीपीपी मॉडल पर स्थापित करेगे 100 टन प्रतिदिन ग्रीन वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट

शहर की 85 कालोनी की 85 रूफ टॉप पर सोलर सिस्टम लगाने के लिये एजेंसी करेगे आमंत्रित

अहिल्या लोक फिलहाल होल्ड पर, बाद में होगा फैसला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में महापौर सभाकक्ष में मेयर इन कौंसिल की बैठक संपन्न हुई। बैठक में शहर में 5 स्थानो पर फुट ओव्हर ब्रिज बनाएं जाएंगे। इसी प्रकार ग्रीन वेस्ट का सदुपयोग करते हुए, ग्रीन एनर्जी का निर्माण हेतु पीपीपी मॉडल पर 100 टन प्रतिदिन ग्रीन वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट लगाया जावेगा।

अहिल्या लोक के प्रस्ताव को होल्ड किया एमआईसी ने

राजबड़ा पर अहिल्या लोक बनाने के प्रस्ताव को एमआईसी ने भी किया होल्ड पर। आज संपन्न हुई एमआईसी की बैठक में इस प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए एमआईसी सदस्यों और महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने निर्णय लिया कि इस विषय पर इंदौर शहर के जनप्रतिनिधियों सामाजिक संस्थाओं और वरिष्ठ जनों से चर्चा के बाद ही इस पर कोई निर्णय लिया जाएगा। वही महापौर ने बताया कि आज एमआईसी में लिए गए निर्णय के तहत शहर की 400 कॉलोनियों के स्ट्रीट लाइट का बिल अब नगर निगम भरेगा जहां पहले इन कालोनियों के रहवासी संघ द्वारा स्ट्रीट लाइट का बिल भरा जाता था। शहर के मुख्य मार्गो पर 5 नए फुटब्रिज बनाने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दे दी गई है। आज हुई एमआईसी बैठक में रखे गए 41 प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

इन स्थानों पर बनाए जाएंगे फूट ओव्हर ब्रिज

महापौर ने बताया की इंदौर को सोलर सीटी बनाने के प्रथम चरण में शहर की 85 वार्ड की किन्ही 85 कालोनियों के रूफ टॉप में सोलर सिस्टम लगाने के लिय एजेंसी को इंदौर आमंत्रित करने पर चर्चा की गई। बैठक में वार्ड क्रमांक 64 के अन्तर्गत तीन ईमली चौराहे के समीप दो स्थानों पर फुट ओव्हर ब्रिज का निर्माण पी.पी.पी. के अन्तर्गत किये जाने तथा इन्दौर शहर के अन्तर्गत देवी अहिल्या विश्व विद्यालय आरएनटी मार्ग के पास, दवा बाजार एमवाय हॉस्पिटल के पास एवं ओल्ड जीडीसी कॉलेज कर्बला मैदान के पास पीपीपी मॉडल पर जनसुविधा हेतु फुट ओव्हर ब्रिज निर्माण करने की भी स्वीकृति दी गई।

बैठक में लिए गए अन्य निर्णय

- अमृत 2.0 प्रोजेक्ट के तहत कान्ह एवं सरस्वती नदी के पुर्नउत्थान के दृष्टिगत सिरपुर, बिलावली एवं लिम्बोदी तालाबों का होगा जिर्णोव्दा2
- स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत निर्मित गारबेज ट्रांसफर स्टेशन पर 03 अतिरिक्त मशीनरी सेट क्रय की जाएंगी
- स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत उद्यान एवं घरों के पेड़ों की कटिंग/वेस्ट के निपटान हेतु 100 टन प्रतिदिन क्षमता के ग्रीन वेस्ट मेनेजमेन्ट प्लान्ट स्थापित किया जाएंगा।
- फुटीकोठी फ्लाय ओव्हर ब्रिज का नाम संत श्री सेवालाल महाराज ब्रिज रखे जाने की स्वीकृति
- प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रो में स्थित बहुमंजिला आवासीय ईकाईयों में प्रथम आओं प्रथम पाओं पद्धति से होगा आबंटन
- शहर की 400 कालोनियों की स्ट्रीट लाइट का बिल अब नगर निगम भरेगा।

कटाक्ष

© www.detectivegroupreport.com

'पोस्टर मेकिंग काम्पिटिशन' एवं 'उद्यमिता परामर्श' का आयोजन

इन्दौर। भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा जी 20 जन भागीदारी कार्यक्रम के तहत दि. 8-6-2023 को 'पोस्टर मेकिंग काम्पिटिशन' का आयोजन जन शिक्षण संस्थान इन्दौर के विभिन्न कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्रों पर किया गया। पोस्टर मेकिंग में सभी प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया एवं विभिन्न विषयों जैसे- वृक्षारोपण, स्वच्छ भारत अभियान, जल संरक्षण, बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं, ऐतिहासिक इमारतें आदि पर पोस्टर बनाये। 9-6-2023 को 'उद्यमिता परामर्श' सत्र का आयोजन संस्थान मुख्यालय पर किया गया। इस सत्र में मुख्य वक्ता उद्योगपति श्री आशीष भार्गव ने व्याख्यान दिया। श्री भार्गव

ने कहा कि, प्रशिक्षणार्थियों को कैसे अपना प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत लघु उद्यम खोलना चाहिए। भारत सरकार की प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के विषय में बताया। उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट कैसे बनायी जाती है, इस पर विस्तार से चर्चा की। अंत में लाभार्थियों के उद्यम से संबंधित प्रश्नों के जवाब दिए। संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी दौलतसिंह ठाकुर, अकाउंटेंट राहुल तिवारी, रोशनी चैहान एवं राजरानी चैहान उपस्थित थे। अंत में सहायक कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण बुरड़े ने आभार व्यक्त किया।

ट्रेंचिंग ग्राउंड में लगी आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। देवगुराडिय़ा स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में एक कचरे में आग लग गई। रात में लगी आग पर काबू पाने में दमकलकर्मियों को खासी मशक्कत करना पड़ रही है। आज सुबह तक आग बुझाने का काम चल रहा था। फायर ब्रिगेड के अनुसार रात करीब साढ़े बारह बजे सूचना मिली थी कि ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरे में आग लगी है। सूचना मिलत ही फायर फाइटर वाहनों के साथ दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाना शुरू किया। इसी बीच सूचना मिलने पर निगम के अधिकारी भी यहां पहुंचे थे। कचरे के ढेर में लगी आग पर सुबह तक हजारों लीटर पानी डालने के बाद भी आग पूरी तरह काबू नहीं हो सकी थी। उधर, आग लगने के बाद आसपास की कालोनियों के रहवासियों को धुएं और दुर्गंध से परेशानी का सामना करना पड़ा। समाचार लिखे जाने के तक फायर ब्रिगेड की गाडिय़ां मौके पर ही थी।

मामला पत्नी की बेरहमी से हत्या का ...

पति, ससुर सहित तीन को जेल भेज दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **महू के धारनाका में बुधवार को पत्नी की नृशंस हत्या करने वाले पति सहित तीन आरोपियों को शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया जहां से सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। आरोपी पति से पुलिस ने पूछताछ की पर वह बार-बार बयान बदल रहा है।**

शादी नही करना चाहता था

आरोपी विक्रम शादी नहीं करना चाहता था। उसे डर था कि वह लड़की को कैसे पालेगा। घर वालों के दबाव में उसने यह शादी की। साथ ही उसे घटना के पहले नौकरी से भी निकाल दिया गया था।

युवती के परिजनों ने दर्ज करवाया प्रकरण

डीएसपी दिलीप चौधरी ने बताया कि मृतक युवती के परिजनों ने पति और परिवार के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया है जिसमे युवती के पति विक्रम सतोगिया, ससुर महेश, सास दुर्गा, जेठ कृष्णा पर 302 का प्रकरण दर्ज कराया गया है। वही दीपा, जगदीश, रानी निवासी धारनाका और रजनी निवासी इंदौर पर धारा 498 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

घर के मंदिर से लाया था खुकरी

पति ने हत्या करने के लिए खुकरी का उपयोग किया था। आरोपी ने घर के मंदिर के अंदर से ही धारदार हथियार ले जाकर घटना को अंजाम दिया था। सिविल अस्पताल के चिकित्सक के अनुसार आरोपी ने 10 से अधिक वार पत्नी पर किए।

मुझे लेने आ जाओ

घटना वाली रात अंजलि ने अपने परिजनों को फोन कर कहा कि आप मुझे लेने आ जाओ लेकिन जब तक रात ज्यादा हो चुकी थी। बुधवार सुबह जल्दी अंजली का भाई रुपेश देपालपुर से महू के लिए निकला। अंजलि का भाई रूपेश जैसे ही धार नाका में स्थित मकान पर पहुंचा तो चिल्लाने की आवाज आने लगी ऊपर जाकर देखा तो आरोपी पति विक्रम हाथ झटककर घर से बाहर भाग गया और कमरे के अंदर अंजलि घायल अवस्था में पड़ी नजर आई जिसके बाद तत्काल रूपेश ने परिजनों को फोन कर मामले की जानकारी दी और अंजलि को अस्पताल ले गया जब तक अंजलि दम तोड़ चुकी थी।

निकाला कैंडल मार्च

देपालपुर नगर की बेटी अंजलि यादव की हत्या के विरोध और मासूम बेटी को न्याय दिलाने के लिए शुक्रवार शाम महाराणा प्रताप प्रतिमा इंदौर नाका से शहीद भागीरथ सिलावट प्रतिमा चमन चौराहा तक कैंडल मार्च निकाला गया ।

पेट्रोल पंप पर डकैती के पहले ही आधा दर्जन बदमाश पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **तेजाजी नगर पुलिस ने पेट्रोल पंप पर डकैती डालने की योजना बनाते हुए आधा दर्जन बदमाशों को गिरफ्त में लिया है। आरोपियों के पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं।**

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि खंडवा रोड पर सिद्धी विनायक कालोनी के समीप संदिग्ध दिखाई दिए हैं, जो किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। इस पर पुलिस ने मुखबिर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर यहां से गोविन्दा पिता पप्पू बेरागी 19 साल निवासी झोपड़पट्टी कस्तूरबाग्राम खण्डवा रोड, निस सैययद पिता मुस्ताक सैययद 27 साल निवासी मस्जिद वाली गली मे कोहीनूर कालोनी आजादनगर, रईश पिता लल्लू खान 30साल निवासी कोहीनूर कालोनी आजादनगर, शाहरूख पिता नवाब पठान 25 साल निवासी कोहीनूर कालोनी आजादनगर और आनंद पिता मांगीलाल बवडिया 45 साल निवासी झोपड़पट्टी कस्तूरबाग्राम खण्डवा रोड को पकड़ा। आरोपियों से पूछताछ में पता चला किवे भारत पेट्रोल पंप असरावद पर डकैती डालने की योजना बना रहे ोंहै। इनके कब्जे से दो छुरा, एक लोहे की टामी,एक लोहे का सरिया,एक लोहे की हथौड़ी जप्त की गई।

गाड़ी खड़ी करने से मना किया तो पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कुंदन नगर में रहने वाली पुष्पा पति विजय शंकर चौधरी ने पुलिस को बताया कि घर के सामने दिलीप पिता कृष्ण कुमार को लोडिंग गाड़ी खड़ी करने से मना किया तो उसने गालियां दी और फिर उसके साथ बेरहमी से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया ।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

बांड ओवर का उल्लंघन करने वाले को भेजा जेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **बांड भरने के बाद ये बदमाश आजाद रहते हैं लेकिन इनका वादा रहता है कि वे कहीं भी किसी तरह का अपराध नहीं करेंगे। इसके बाद भी यदि बांड अवधि में ये किसी अपराध में लिप्त पाए जाते हैं तो फिर इन्हें जेल भेज दिया जाता है। ऐसे ही एक मामले में रावजीबाजार इलाके में गुंडे ने बांड अवधि में अपराध किया और उसे जेल भेज दिया गया।**

रावजीबाजार पुलिस ने क्षेत्र के आरोपी रवि ,हरिजन कालोनी के खिलाफ 13 केस दर्ज होने के कारण एक वर्ष के लिये बाउन्ड ओवर किया था। रवि द्वारा उक्त बाउण्ड ओवर अवधि के दौरान आरोपी रवि द्वारा रावजीबाजार में शांतिलाल एवं उसकी पत्नी गोमा बाई के घर पर जाकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की वारदात कर डाली। इसके बाद रवि को गिर तार कर जेल भेज दिया। उसने बांड ओवर का उल्लंघन किया था इसलिए उसे बांड ओवर की अवधि तक जेल में ही रहना पड़ेगा।

झाड़ियों में मिला शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। धोबी घाट इलाके में शुक्रवार को झाडिय़ों में अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर मृतक की शिनाख्ती के प्रयास किए, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। जूनी इंदौर थाना प्रभारी ने नीरज कुमार मेड़ा ने बताया कि जो लाश बरामद हुई है उसकी अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है। मृतक के शरीर पर किसी तरह के चोट के कोई निशान नहीं मिले हैं। लाश चार से पांच दिन पुरानी है। शव को पोस्र्टमाटम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट में ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। वहीं मृतक की शिनाख्ती के प्रयास किए जा रहे हैं।

हरियाणा के युवक ने दिया धोखा, झांसा देकर दुष्कर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक युवती के साथ हरियाणा के युवक ने शादी का झांसा उसकी आबरू लूट ली और धमकी देकर फरार हो गया। दोनों के बीच एक शादी समारोह में पहचान हुई थी। इसके बाद युवक ने उसे अपने झूठे प्रेम जाल में फांस लिया था। भंवरकुआ पुलिस को 25 वर्षीय युवती ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मैं अपनी बुआ की लड़की की शादी में गई थी जहां दीपक निवासी पलवल हरियाणा से पहचान हुई।। इसके बाद हम दोनों ने एक दूसरे के मोबाइल नंबर लिए और बातचीत करने लगे इसी दौरान प्यार हो गया। पीड़िता के मुताबिक आशीष ने उसे रिंग रोड स्थित सुखमणि होटल में बुलाया और शादी का झांसा देकर कई बार जबरदस्ती की। पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो दीपक ने उसके साथ मारपीट की और शादी करने से मुकर गया। भंवरकुआं पुलिस ने आरोपी दीपक के खिलाफ प्रकरण दर्ज क्या है।

दरिंदा पिता- मासूम बेटी से गंदी हरकत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। चार साल की मासूम बच्ची के साथ उसके ही पिता ने दरिंदगी की। दंपति के बीच विवाद के चलते मासूम अपनी मां के साथ नानी के यहां पर रही थी। यहां पर पिता आया और उसे जबर्दस्ती अपने साथ ले गया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद पत्नी बच्ची को घर ले आई और जब नानी ने उसे नहलाने के दौरान देखा तो पिता की दरिंदगी का पता चला। एरोड्रम पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि पति से घरेलू बात को लेकर विवाद हो गया था। इस पर अपनी 4 साल की बेटी के साथ मां के यहां रह रही थी इसी दौरान पति 6 जून को मेरे घर आया और जबरदस्ती बेटी को लेकर चला गया, जिस पर एमआईजी पुलिस के हस्तक्षेप से बेटी को वापस दिलाया गया। महिला ने बताया कि बेटी को मेरी मां नहला रही थी तभी उसने गुप्तांग में दर्द होने की बात कही तो से पूछा तो उसने बताया कि पिता ने उसके साथ घिनौनी हरकत की है। एरोड्रम पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376 पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

महंगाई इतनी, 1000 रुपए में क्या होता है

कांग्रेस का दावा- सीहोर कलेक्टर ने ट्वीट किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सीहोर। मध्यप्रदेश में चुनावी घोषणाओं के बीच मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले सीहोर से एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में एक महिला लाड़ली बहना योजना को लेकर कह रही है- एक हजार रुपए से क्या होता है? खुश होने जैसी बात नहीं है।

कांग्रेस का दावा है कि यह वीडियो सीहोर जिला कलेक्टर के ऑफिशियल ट्वीटर हैंडल से जारी हुआ, कुछ देर बाद ही डिलीट कर दिया गया। वहीं कलेक्टर आशीष तिवारी का कहना है कि उन्हें ट्वीट की कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा, मामले को चेक कराता हूं, पीआरओ से बात करूंगा। बता दें, मध्यप्रदेश सरकार की लाड़ली बहना योजना 10 जून से लागू होगी। इसके तहत महिलाओं के खाते में एक हजार रुपए की राशि भेजी जाएगी।

वीडियो में क्या है...

1 मिनट 13 सेकंड के वीडियो में सीहोर के वार्ड नंबर 7 की रहने वाली पूनम विश्वकर्मा का इंटरव्यू दिखाया गया है। इस वीडियो में महिला से पूछा गया कि लाड़ली बहना योजना के एक हजार रुपए कैसे इस्तेमाल करेंगी। इसके जवाब में महिला कहती है- मैं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की आभारी हूं, जिन्होंने यह लाड़ली बहना योजना का शुभारंभ किया है। जिसके अंतर्गत हमें एक हजार रुपए मिलेंगे। ये हजार रुपए हम संभालकर रखेंगे। जब हमें इसकी खास जरूरत लगेगी तब ही इसका उपयोग करेंगे। हम शिवराज जी को यह संदेश देना चाहेंगे कि आने वाले समय में किसी की भी सरकार रहे यह योजना हमेशा चलते रहना चाहिए।

जब महिला से पूछा गया कि आप इस योजना से कितनी खुश है तो उन्होंने कहा- इस योजना में बड़ी बात क्या है। एक हजार रुपए में क्या होता है। खुश होने वाली कोई बात नहीं है। हम तो इस योजना से खुश नहीं है। हम तो हमारी रसोई चलाते हैं तो जानते हैं कि कितनी महंगाई है।

कांग्रेस ने ट्वीट किया स्क्रीनशॉट

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के मीडिया सलाहकार पीयूष बबेले ने दोपहर 2 बजकर 28 मिनट पर एक पोस्ट शेयर की। जिसमें उन्होंने एक स्क्रीनशॉट पोस्ट किया। इसके कैप्शन में लिखा है- सीहोर कलेक्टर ने ट्वीट डिलीट कर दिया है, लेकिन वीडियो उपलब्ध है। इसे आखिर तक सुनें। सारे ओपीनियन पोल इस वीडियो में समाए हैं। तीन बात स्पष्ट हैं 1. महिलाएं मान रही हैं कि सरकार बदलेगी, 2. 1000 रुपए से कुछ नहीं होगा, 3. रसोई का खर्च बढ़ गया है। अर्थात : नई सरकार यानी कमलनाथ सरकार। 1000 की जगह 1500 और रसोई की महंगाई का जवाब यानी 500 का गैस सिलेंडर। जो भी बहन मांग रही है वह नारी सम्मान योजना में कमलनाथ जी देने वाले हैं।

सीहोर जिला भाजपा मीडिया प्रभारी सुशील संचेती ने कहा कि कांग्रेस लगातार भ्रम की स्थिति पैदा कर रही है, लेकिन कोई इनके झांसे में न आया है और न आएगा।

तेज आंधी-पानी से उड़ा मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का टेंट

मुख्यमंत्री ने शॉर्ट में निपटाया भाषण, पानी से बचने इधर-उधर छिपते नजर आए लोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

रीवा। रीवा में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यक्रम में मौसम ने रुकावट पैदा कर दी। तेज आंधी और बारिश होने लगी। शिवराज सिंह को अपनी स्पीच शॉर्ट में निपटानी पड़ी। कार्यक्रम भी दो घंटे पहले ही समाप्त करना पड़ा। मुख्यमंत्री के मंच छोड़ते ही तेज बारिश शुरू हो गई। तेज हवा के कारण टेंट उड़ गया। वहीं, टेंट की कुछ चादरें फट गईं। वहां लगे पोस्टर भी फट गए। कार्यक्रम का मुख्य गेट भी गिर गया। लोग पानी से बचने के लिए इधर-उधर छिपते नजर आए।

कोल समाज के लोगों को जमीनों के पट्टे मिलेंगे

कोल जनजातीय सम्मेलन त्योंथर के कोलगढ़ी से 500 मीटर दूर शासकीय बालक स्कूल के ग्राउंड में हुआ। यहां मुख्यमंत्री ने कहा, ह्मकोल समाज को जमीनों के पट्टे दिए जाएंगे।

राजगढ़ में किसानों के खाते में डाले जाएंगे रुपए

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा- राजगढ़ में कमलनाथ ने कर्जमाफी के नाम पर किसानों को ठगा था। 13 जून को राजगढ़ में हमारा कार्यक्रम है। मैं इसमें 2 हजार करोड़ रुपए का पूरा ब्याज किसानों की तरफ से जमा करूंगा। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत 80 लाख किसानों के खातों में भी 2-2 हजार रुपए डाले जाएंगे। फसल बीमा योजना के भी 2 हजार 900 करोड़ रुपए डाले जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा सामुदायिक भवन निर्माण का स्वीकृति पत्र भी सौंपा। रीवा शहर में इसके लिए 1 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। जिला खनिज न्यास और जिला पंचायत निधि के तहत 93.47 लाख रुपए से भगवान बिरसा मुंडा सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा।

हनीट्रैप का मास्टर माइंड ट्रांसजेंडर

जल्दी पैसे कमाने के लिए महिला और अन्य के साथ मिलकर बनाई गैंग, करने लगा ब्लैकमेलिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

ग्वालियर। ग्वालियर में इंजीनियर को हनीट्रैप में फंसाने वाली गैंग का सरगना ट्रांसजेंडर है। हर्षित नाम का मुख्य आरोपी कभी हर्षिता हुआ करती थी। बाद में उसने जेंडर चेंज करवा लिया। जल्दी पैसे कमाने के लालच में महिला और अन्य युवक के साथ मिलकर हनीट्रैप गैंग बना ली। इसके बाद ब्लैकमेलिंग शुरू कर दी।

केमिकल इंजीनियर ने 7 जून को थाने में शिकायत की थी। गुरुवार को पुलिस ने घेराबंदी कर कंपू क्षेत्र से एक महिला, एक ट्रांसजेंडर व अन्य पुरुष को पकड़ा। आरोपी हर्षित, उर्मिला और अरविंद हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने यह खुलासा पुलिस के सामने किया है।

कॉल कर मिलने बुलाया, फिर बनाया वीडियो

ग्वालियर में डीडी नगर क्षेत्र में केमिकल इंजीनियर रहते हैं। वह मालनपुर स्थित मेडिको कंपनी में बतौर इंजीनियर कार्यरत हैं। 15 मई को उनके मोबाइल पर कॉल आया। कॉल रिसीव करते ही एक युवती से बात हुई। युवती ने अपना नाम गुड़िया राठौर बताया। इसके बाद इंजीनियर और गुड़िया के बीच वॉट्सऐप पर चैटिंग शुरू

हुई। 31 मई को युवती ने इंजीनियर को कॉल कर दाल बाजार तिराहा पर मिलने बुलाया। जब इंजीनियर वहां पहुंचा, तो युवती उसे मिली। कुछ देर बातचीत के बाद युवती उसे पास ही स्थित घर ले गई। बताया कि आज उसके घर पर कोई नहीं है।

युवती ने इंजीनियर को बातों में फंसा लिया था। इंजीनियर उसके घर पहुंचा, तो एक कमरे में युवती उसे लेकर पहुंची। कुछ देर बाद युवती कपड़े उतारने लगी। इस हरकत से इंजीनियर घबरा गया। उसे रोकने का प्रयास करने लगा, तभी एक अन्य महिला वहां आ गई। उसने भी इंजीनियर के साथ गलत हरकत शुरू कर दी। इसी बीच, दो युवक वहां आकर वीडियो बनाने लगे। दोनों युवकों ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर रुपए मांगे। साथ ही, इंजीनियर को मोबाइल छीनकर उसे थाने ले जाने की बात कही।

पहले लिए एक लाख, फिर मांगे 5 लाख रुपए

आरोपियों ने मौके पर एक लाख रुपए मांगे। इंजीनियर ने दोस्त को कॉल कर एक लाख रुपए मंगवाए। रुपए देने के बाद गैंग ने उसे छोड़ दिया। दूसरे ही दिन यानी 1 जून को इंजीनियर को हर्षित ने फिर कॉल कर पांच लाख मांगे। साथ ही, धमकी दी कि रुपए नहीं देने पर दुष्कर्म का मामला दर्ज करा देगी। उसने कुछ दिन में व्यवस्था करने की बात कही।

पैसे देने गया, और पकड़ी गई गैंग

इतने में इंजीनियर ने सीएसपी विजय भदौरिया से शिकायत की। पुलिस ने आरोपियों की घेराबंदी की योजना बनाई। योजना के तहत गुरुवार को इंजीनियर 5 लाख रुपए लेकर आरोपियों के बताए अनुसार कंपू क्षेत्र में पहुंचा। पुलिस और क्राइम ब्रांच ने मिलकर घेराबंदी कर उर्मिला प्रजापति, हर्षित उर्फ छोटू उर्फ विशाल सेंगर निवासी ललितपुर कॉलोनी, अरविंद उर्फ बॉबी गुप्ता निवासी हरिशंकरपुरम को गिरफ्तार कर लिया।

बेसबॉल प्लेयर के सुसाइड में धर्मांतरण का एंगल

● मां बोली- बेटी के दोस्त ने फोन पर धमकाया; पिता ने कहा- खुद को हिंदू बताकर दोस्ती की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

जबलपुर। बेसबॉल नेशनल प्लेयर संजना बरकड़े पर उसका दोस्त अब्दुल मंसूरी उर्फ राजन खान धर्मांतरण का दबाव डाल रहा था। संजना के सुसाइड से पहले राजन ने उसकी मां को अननोन नंबर से कॉल कर धमकाया था। संजना की मां गीताबाई बरकड़े ने बताया कि बेटी के सुसाइड से 9 दिन पहले आरोपी ने फोन करके कहा था- बच्ची को समझा दो, मेरी बात मान ले। पिता हरनाम बरकड़े का आरोप है कि अब्दुल मंसूरी ने बेटी से अपना धर्म छिपाकर दोस्ती की थी। तीन महीने पहले जब बेटी को सच पता चला तो उसने दोस्ती तोड़ दी थी।

माता-पिता के इन आरोपों पर पुलिस का कहना है कि संजना और राजन के बीच एक साल से बातचीत चल रही थी। दोनों के बीच क्या विवाद हुआ, क्या परिस्थिति बनी? इसकी जांच की जा रही है। आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है। उससे सख्ती से पूछताछ चल रही है।

संजना का शव 5 जून की सुबह कमरे में पंखे से बनाए फंदे पर मिला था। माता-पिता शादी में हर्रई (सिवनी) गए हुए थे। लौटे तो बेटी फंदे से लटकी मिली। परिवार मूल रूप से सिवनी जिले का रहने वाला है। जबलपुर शहर में किराए के मकान में रहता है। संजना शहर के ही मानकुंवर बाई कॉलेज में इअ सेकंड ईयर की छात्रा थी।

आरोपी ने फोन पर कहा था- बेटी से शादी करना चाहता हूं- संजना की मां गीता बाई बताती हैं, आरोपी ने बेटी को कॉल किया और कहा - अच्छा, मां से बात करवाओ मेरी...। बेटी ने मुझे फोन दे दिया। आरोपी ने पूछा- कौन, तुम लड़की की मां हो। अच्छा हुआ कि तुमसे बात हो गई। तुमसे से ही बात करना चाहता था। तुम बच्ची को समझा दो। हमारा धर्म कबूल करे। मैं उससे शादी करना चाहता हूं। अगर हमारे धर्म को कबूल नहीं करते, तो हम समझ चुके हैं कि कहां तुम्हारा परिवार है, कहां तुम रहते हो। हम मार डालेंगे। अगर कबूल कर लोगे, तो कुछ नहीं होगा। इसके बाद कॉल कर रहे लड़के ने फोन काट दिया। मैंने बच्ची से भी पूछा था कि यह कौन था, इसे पहचानती हो? बच्ची ने कहा- नहीं। इसके बाद उसने फोन ही बंद कर दिया।

उसने बेटी के मेडल तक चुरा लिए- पिता हरनाम बरकड़े ने बताया कि संजना को तीन महीने पहले पता चला था कि वह जिस राजन से बात करती है, वह अब्दुल मंसूरी है। उसने राजन से बात करना बंद कर दिया था। इससे नाराज होकर आरोपी ने बेटी के डॉक्यूमेंट चुरा लिए और उस पर प्रेशर बनाना शुरू कर दिया। टॉर्चर करने लगा। संजना ने नेशनल लेवल के बेसबॉल कॉम्प्टीशन में कई मेडल जीते, जो उसने चुरा लिए। मेडल लौटाने का कहती थी, तो कहता था कि मेरी बात मानो।

गंगा-जमना स्कूल विवाद में ओवैसी की एंट्री :कहा-

मध्यप्रदेश सरकार पीछे पड़ गई, इन्हें मुसलमानों से नफरत है; नरोत्तम बोले- इनकी मानसिकता जिहादी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। दमोह के गंगा-जमना स्कूल का विवाद अब राष्ट्रीय स्तर पर बहस का मुद्दा बन गया है। असदुद्दीन ओवैसी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा पर हमला बोला है। हैदराबाद में एक सभा में ओवैसी ने कहा, स्कूल ने प्रचार किया कि हमारी बच्चियां अच्छे नंबर से पास हुईं। बच्चियों ने स्कार्फ पहना था। मुख्यमंत्री (शिवराज) ने कह दिया- हम अपनी भांजियों और भतीजियों को जबरन हिजाब नहीं पहनने देंगे। उस स्कूल पर कार्रवाई कर दी गई। कलेक्टर (दमोह) ने ट्वीट कर कहा कि सब गलत खबरें हैं, ऐसा कुछ है ही नहीं। फिर वहां स्याही फेंक दी गई, बोला गया- तुमने गलत रिपोर्ट दे दी।

ओवैसी के बयान पर गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने पलटवार कर कहा, मध्यप्रदेश में धर्मांतरण का कुचक्र नहीं चलने दिया जाएगा। ओवैसी को साक्षी पर बोलते नहीं सुना। दमोह पर लंबी तकरीर कर रहे हैं। साक्षी, श्रद्धा पर तकरीर नहीं की। उनकी ये पीड़ा है। उनकी यही मानसिकता जिहादी कहलाती है। जातिगत राजनीति करते हैं। दमोह में पासपोर्ट की जांच के आदेश दिए हैं। कब-कब विदेश गए, इसकी जांच के लिए एसपी, कलेक्टर को सारे निर्देश दिए हैं।

संपादकीय

उदासीन है या फिर वह जानबूझ कर

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दो देशों के बीच सौहार्द पर आधारित संबंधों का मुख्य सूत्र यह होता है कि दोनों पक्ष एक दूसरे की संप्रभुता का सम्मान करें और नाहक ही किसी मित्र देश को कठघरे में खड़ा किए जाने वाली गतिविधियों को अपने सीमा क्षेत्र में बढ़ावा न दे। लेकिन पिछले कुछ समय से कनाडा में भारत को लक्ष्य करके जिस तरह की कुछ गतिविधियां देखी जा रही हैं, उसमें यह सवाल स्वाभाविक ही उठता है कि क्या वहां की सरकार इन सबके प्रति उदासीन है या फिर वह जानबूझ कर ऐसा होने दे रही है। निश्चित रूप से यह स्थिति लंबे समय तक अनदेखी करने लायक नहीं है और ऐसी हरकतों पर भारत की आपत्ति का आधार भी वाजिब है। गौरतलब है कि भारत के पंजाब में एक समय हुए 'आपरेशन ब्लू स्टार0 की उनतालीसवीं बरसी यानी छह जून से कुछ दिन पहले कनाडा के ब्रैंपटन शहर में खालिस्तान समर्थकों की ओर से पांच किलोमीटर लंबी एक यात्रा निकाली गई थी। इस दौरान एक झांकी में भारत की पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत इंदिरा गांधी की हत्या का दृश्य दर्शाया गया था। जाहिर है, इस तरह के प्रदर्शन की मंशा भारत को कठघरे में खड़ा करना था। लेकिन सवाल है कि अगर कनाडा भारत को एक स्वतंत्र और संप्रभु देश के रूप में स्वीकार करता है तो वहां भारत के लिहाज से अलगाववाद की भावनाओं को मजबूती देने वाली गतिविधियों के प्रति वह आंखें कैसे मूंदे रह सकता है। कनाडा में इस प्रकृति की घटनाएं लगातार सामने आई हैं। इसलिए भारत के विदेश मंत्री ने सही ही इस बात पर आपत्ति जताई और कहा कि कनाडा लगातार अलगाववादियों, चरमपंथियों और हिंसा का समर्थन करने वालों को फलने-फूलने का मौका दे रहा है और शायद इसके पीछे मकसद चुनावों में कुछ वोट हासिल करना है! बल्कि उन्होंने साफ शब्दों में यह भी कहा कि यह आपसी रिश्तों और कनाडा के लिए ठीक नहीं है। इस मसले पर विपक्षी दलों ने भी आपत्ति जताई है। यानी भारत की ओर से कनाडा के लिए यह स्पष्ट संदेश है कि अगर वह अपनी जमीन पर भारत विरोधी हरकतों पर रोक नहीं लगाता है या उन्हें नियंत्रित नहीं करता है तो इसके एवज में भारत को भी कोई स्पष्ट रुख अख्तियार करना पड़ेगा।

बाल दिवस

तेनाली रामा और खूंखार घोड़ा

बहुत समय पहले की बात है। दक्षिण भारत में विजय नगर नाम का एक साम्राज्य हुआ करता था और उस साम्राज्य की बागडोर राजा कृष्णदेव राय के हाथ में थी। एक दिन उनके राज्य में एक अरबी व्यापारी घोड़े बेचने आया। उसने राजा के सामने अपने घोड़ों की इतनी तारीफ की कि महाराज कृष्णदेव उसके सभी घोड़ों को खरीदने के लिए तैयार हो गए। राजा ने व्यापारी की बातों में आकर सारे घोड़े खरीद तो लिए, लेकिन उनके सामने अब एक बड़ी मुश्किल खड़ी हो गई। मुश्किल यह थी कि सभी घोड़ों को रखा कहां जाएं। दरअसल, घोड़ों की संख्या इतनी ज्यादा थी कि राजा का घुड़साल उन सभी घोड़ों को रखने के लिए बहुत छोटा था।

इस समस्या से निपटने के लिए राजा ने एक उपाय निकाला और सभी दरबारियों के साथ पूरी प्रजा को हाजिर होने का आदेश दिया। राजा का आदेश मिलते ही मंत्रियों और राज दरबारियों के साथ पूरी प्रजा अपना सारा काम-धाम छोड़कर राज महल के बाहर जमा हो गई। इसके बाद राजा कृष्णदेव वहां पहुंचे और कहा, “मैंने आप सभी को एक जरूरी काम देने के लिए यहां बुलाया है।”

इतना कहकर राजा ने सभी के सामने आपनी बात रखी, “हमने अरबी घोड़ों की एक खेप खरीदी है। ये सभी घोड़े बहुत लाजवाब और बेशकीमती हैं, लेकिन अफसोस हमारे घुड़साल में इन सभी को रखना संभव नहीं। नया घुड़साल तैयार होने में करीब तीन महीने का वक्त लगेगा। इसलिए, मैं चाहता हूं कि राज्य के सभी मंत्रियों और दरबारियों के साथ हमारी प्रजा भी तीन महीने के लिए इन घोड़ों की देखभाल करे। इसके लिए राज दरबार के खजाने से हर महीने सभी को एक-एक सोने का सिक्का दिया जाएगा।

महीने में एक सोने के सिक्के के बदले घोड़ों को संभालना और उनके चारे-पानी का प्रबंध करना बहुत ही मुश्किल था, लेकिन कोई भी इस संबंध में कुछ न बोल सका, क्योंकि आखिर राजा का आदेश जो था। फिर क्या सभी एक-एक घोड़ा लेकर अपने घर की ओर चल दिए। वहीं, एक घोड़ा तेनाली राम को भी मिला।

तेनाली राम बहुत ही बुद्धिमान और चतुर था। वह अपने घोड़े को ले गया और घर के पीछे घास-फूस की छोटी-सी घुड़साल बनाकर घोड़े को वहां बांध दिया। राज्य की सारी प्रजा राजा के क्रोध से बचने के लिए अपना पेट काटकर घोड़ों की खूब सेवा करने लगी।

वहीं, तेनाली राम घुड़साल में बनी छोटी-सी खिड़की से घोड़े को हर रोज थोड़ा-सा ही चारा देता। देखते ही देखते तीन महीने पूरे हो गए।

समय पूरा होने के बाद सभी को राजमहल फिर से बुलाया गया। राजा का आदेश सुनकर सभी अपना-अपना घोड़ा ले राज महल पहुंच गए, लेकिन तेनाली राम खाली हाथ ही पहुंचा। तेनाली राम के साथ घोड़ा न देख राजा हैरान हुए और उससे घोड़ा न लाने की वजह पूछी।

राजा के सवाल पर तेनाली राम बोला, “महाराज घोड़ा काफी बिगड़ैल और खूंखार हो चला है। इसलिए अपने साथ लाना तो दूर, मेरी उसके घुड़साल में जाने की भी हिम्मत नहीं हुई।” तेनाली राम की बात सुनते ही राजगुरु बोले, “महाराज तेनाली राम झूठ बोल रहा है। हमें खुद जाकर इस बात का पता लगाना चाहिए।”

राजगुरु की बात सुनकर राजा कृष्णदेव उन्हें खुद तेनाली राम के घर जाकर सच्चाई का पता लगाने को कहते हैं। राजा के आदेश पर राजगुरु तेनाली राम के साथ कुछ दरबारियों को लेकर उसके घर की ओर चल देते हैं।

तेनाली राम के घर पहुंच जैसे ही राजगुरु की नजर वहां बने घुड़साल पर पड़ी वह बोले, “मूर्ख तेनाली इस छोटी-सी कुटिया में घोड़े को रखा है और तुम इसे घुड़साल कह रहे हो।

राजगुरु की बात पर तेनाली राम बोला, “राजगुरु आप बहुत ही विद्वान हैं, तो आपको अधिक पता होगा। मैंने यह कुटिया घोड़े को रखने के उद्देश्य से बनाई, इसलिए इसे घुड़साल कह दिया, लेकिन घोड़ा सच में बहुत खूंखार हो गया है। इसलिए, पहले आप उसे खिड़की से झांक कर देख लें। उसके बाद ही इस कुटिया के अंदर जाएं।”

राजगुरु तेनाली राम की बात मानकर घोड़े को देखने के लिए घुड़साल की खिड़की के पास जैसे ही अपना चेहरा लाते हैं, भूखा घोड़ा लपक कर उनकी दाढ़ी मुंह से पकड़ लेता है। राजगुरु अपनी दाढ़ी को छुड़ाने की काफी मशक्कत करते हैं, लेकिन असफल रहते हैं। ऐसे में जब हर जतन करने के बाद भी घोड़ा राजगुरु की दाढ़ी नहीं छोड़ता, तो एक दरबारी अपनी तलवार से राजगुरु की दाढ़ी काट देता है और घोड़े से उनकी जान छूटती है।

घोड़े से किसी तरह जान बचने के बाद राजगुरु साथ आए कुछ दरबारियों को घोड़े को महल ले चलने का आदेश देते हैं। तेनालीराम का घोड़ा पकड़ कर राज दरबार में पेश किया जाता है। तीन महीने से घोड़े को ठीक से चारा-पानी न मिलने की वजह से वह बहुत ही दुबला-पतला दिख रहा था। जब राजा घोड़े की यह हालत देखते हैं, तो तेनाली से इसके पीछे की वजह पूछते हैं।

राजा के सवाल पर तेनाली जवाब देता है, “मैंने घोड़े को हर रोज थोड़ा ही चारा दिया, जिस प्रकार आपकी प्रजा कम भोजन में गुजारा करती है। इस कारण घोड़ा कमजोर और बिगड़ैल हो गया।”

तेनाली राम ने कहा, “राजा का धर्म प्रजा की सुरक्षा और देखभाल करना होता है, न कि उन पर अतिरिक्त बोझ डालना। घोड़ों की देखभाल करने का आदेश देकर घोड़े तो शक्तिशाली और बलवान हो गए, लेकिन उनकी देखभाल करने के चक्कर में भरपेट भोजन न कर पाने के कारण प्रजा दुर्बल हो गई।”

महाराज कृष्णदेव को अब तेनाली राम की बात समझ आ गई और उन्हें गलती का एहसास हुआ। उन्होंने अपनी प्रजा से इस गलती के लिए क्षमा मांगी और तेनाली राम की बुद्धिमानी के लिए उसे सम्मान के रूप में इनाम दिया।

कहानी से सीख

तेनाली रामा और खूंखार घोड़ा कहानी से सीख मिलती है कि कोई भी फैसला लेने से पहले अच्छी तरह सोच-विचार कर लेना चाहिए, ताकि उसके दुष्परिणाम किसी और को न भुगतने पड़ें।

Highlights

1. Guj's Tithal Beach closed for tourists as IMD says Biparjoy to intensify
2. Elon Musk shares meme comparing pics of Taylor Swift & Napoleon Dynamite; criticised
3. Actors Varun Tej and Lavanya Tripathi get engaged, share 1st pics
4. Ukrainian counteroffensive has failed so far: Putin
5. India loses its only ATP 250 tournament after hosting 27 editions since 1996
6. Brij Bhushan was at same premises when police took me to WFI office: Wrestler

Vistara has an alternative uniform for 10% cabin crew due to supply-chain snags

NEW DEIHI, (Agency). About 10% of Vistara's cabin crew will be seen in black-coloured trousers and polo t-shirts instead of the standard aubergine uniform for a few weeks due to material shortage, the airline said on Friday.

"We are actively working with our suppliers to resolve the issue as quickly as. We would like to assure our customers that irrespective of this temporary uniform, the focus of all our cabin crew remains on delivering world-class customer service," a Vistara spokesperson said.

The country's full-service carrier made the announcement on social media.

"Given our fleet expansion, we have been scaling up our cabin crew strength as well. However, due to an unforeseen issue with the supply of material, Vistara is

experiencing limited availability of its cabin crew uniforms."

It added that some of their cabin crew will be seen in black-coloured trousers and polo t-shirts with Vistara logo instead of their standard aubergine uniform.

An airline official said that Vistara has 2,100 cabin crew out of which around 200 will be seen in the temporary uniform.

"These will all be the newly trained crew, however, we hope to sort this issue in the coming few weeks," a second official on condition of anonymity said.

"We have taken this step proactively in order to avoid any confusion to our passengers," an airline official said.

This came in as a few reports suggested that due to global supply chain issues, Akasa Air was also unable to get violet colour fabric for its seats thus forcing the airline to operate with different colour seats in some of its aircraft.

Twitter to pay verified content creators for ads in replies: Elon Musk

NEW DEIHI, (Agency). Twitter will soon start paying verified content creators for the advertisement in their replies, company owner Elon Musk said on Saturday. The first block of payment will be around $5 million.

"In a few weeks, X/Twitter will start paying creators for ads served in their replies. First block payment totals $5M," billionaire Elon Musk said in a tweet.

"Note, the creator must be

verified and only ads served to verified users count," he added.

Twitter has moved to subscription-based verification even as it restored the blue tick of users with over a million followers.

The social media giant's latest move to promote subscriptions and retain advertisers comes days after the newly named chief executive officer Linda Yaccarino took office.

"It happened — first day in the books!" she tweeted earlier this week.

Since Tesla CEO Musk acquired Twitter, the platform has struggled to retain advertisers, who have been wary about the placement of their ads after the company laid off thousands of employees. Musk is looking to Yaccarino, an advertising veteran, to improve the company's relationship with brands after losing business following his takeover, and rollback of the site's content rules.

In March, Musk said that the messaging service makes about 5 or 6 cents per hour of attention from users and could raise that to 15 cents or more with advertisements that are more relevant and timely.

New Delhi

उत्तर भारत में टेम्प्रेचर का टॉर्चर! दिल्ली में 41 तो यूपी में 43 पहुंचेगा पारा, वीकेंड में भी राहत नहीं

नई दिल्ली, (एजेंसी) जून की शुरुआत से ही कई राज्यों में भीषण गर्मी ने परेशान किया हुआ है. अब उत्तर प्रदेश से लेकर दिल्ली तक के लोग भी गर्मी और झुलसा देने वाली धूप से परेशान हैं. इस बीच मौसम विभाग ने बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में अगले तीन से चार दिन तक हीटवेव की बात कही है. मौसम विभाग की मानें तो नई दिल्ली में भी आनेवाले दिनों में तापमान में बढ़त देखने को मिलेगी.

मौसम विभाग की मानें तो आज यानी 10 जून को न्यूनतम तापमान 28 डिग्री और अधिकतम तापमान 41 डिग्री दर्ज किया जा सकता है. वहीं, नई दिल्ली में आज दिन के वक्त तेज हवाएं चल सकती हैं. मौसम विभाग की मानें तो अगले कुछ दिनों तक नई दिल्ली में लोगों को गर्मी से राहत नहीं रहेगी. मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक नई दिल्ली में आसमान साफ रहने और शुष्क मौसम का पूर्वानुमान जताया है. हालांकि, मौसम विभाग ने नई दिल्ली में कम से कम एक हफ्ते तक हीटवेव की बात नहीं की है.

उत्तर प्रदेश की बात करें तो लखनऊ में आज न्यूनतम तापमान 27 डिग्री और अधिकतम तापमान 42 डिग्री दर्ज किया जा सकता है. वहीं, लखनऊ में सुबह के वक्त आसमान साफ रहेगा. हालांकि, दोपहर या शाम तक लखनऊ में आंशिक तौर पर बादल छा सकते हैं. गाजियाबाद की बात करें तो आज यहां न्यूनतम तापमान 27 डिग्री और अधिकतम तापमान 41

Manipur

मणिपुर में फिर भड़क सकती है हिंसा, कूकी गांव में सुबह-सुबह 3 लोगों की हत्या

मणिपुर, (एजेंसी) मणिपुर में फिर हिंसा भड़क सकती है। कांगपोकपी जिले के कूकी गांव में शुक्रवार तड़के एक बुजुर्ग महिला सहित तीन लोगों की हत्या कर दी गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने पुलिस और आईआरबी (इंडिया रिजर्व बटालियन) की वर्दी पहन रखी थी। मणिपुर सरकार के सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह हाल ही में कहा था कि 48 घंटे से हिंसा नहीं देखी गई है। आपको बता दें कि पिछले एक महीने से अधिक समय से जातीय संघर्षों ने मणिपुर को अशांत कर दिया है।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि हथियारबंद लोग सुबह करीब 4 बजे आए और गांव में करीब दो घंटे तक रुके रहे और गोलियां चलाईं। हालांकि पुलिस ने तीन लोगों के मारे जाने और दो के घायल होने की पुष्टि की है, लेकिन उन्होंने घटना के बारे में इससे अधिक कुछ नहीं कहा है।

खोकेन कांगपोकपी जिले की सीमा पर स्थित है। इंफाल पश्चिम जिले के अंतर्गत आने वाले संगाईथेल से यह गांव महज एक किलोमीटर की दूरी पर है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, खोकेन के निवासियों ने मारे गए तीनों लोगों की पहचान 65 वर्षीय डोमखोहोई, 52 वर्षीय खाइजामंग गुइते और 40 वर्षीय जंगपाओ तौथांग के रूप में की है। गांव के निवासी और डोमखोई के छोटे भाई थोंगखुप डोंगल ने कहा कि तड़के करीब 40 लोग गांव में दाखिल हुए थे। उन्होंने कहा, ''वे अरामबाई तेंगोल के सदस्यों और पुलिस और आईआरबी की वर्दी पहने हुए थे। उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। करीब दो घंटे तक फायरिंग चलती रही। हमने गांव खाली किया और नजदीकी सीआरपीएफ कैंप गए और उन्हें यह जानकारी दी।

Jammu & Kashmir

गुलमर्ग में रोपवे की सवारी के दौरान फंसे 250 पर्यटक, पुलिस ने दस घंटे तक चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन

श्रीनगर, (एजेंसी) जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गुलमर्ग में गंडोला की सवारी के दौरान फंसे 250 पर्यटकों को रात भर चले बचाव अभियान के बाद शुक्रवार को सुरक्षित निकाल लिया। सभी पर्यटक गंडोला की सवारी का लुत्फ उठाने के लिए वीरवार की शाम गए हुए थे।

इसी दौरान कुछ तकनीकी खराबी आ जाने के कारण फेज 2 अफरवात में सभी फंस गए। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने रात भर बचाव अभियान चलाया और शुक्रवार को सभी पर्यटकों को सुरक्षित गुलमर्ग बेस पर पहुंचा दिया।

पर्यटकों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया है। इससे पहले इस साल मई में जम्मू-कश्मीर की पुलिस ने गुलमर्ग के कांगडोरी इलाके में फंसे चार बच्चों वाले एक पर्यटक परिवार को बचाया था।

तेलंगाना से पर्यटक गुलमर्ग पहुंचे और गंडोला की सवारी के लिए गुलमर्ग के कांगडोरी गए। गंडोला फेज दो लौटते समय परिवार रास्ता भटक गया और कांगदूरी इलाके में फंस गया।

Uttarpradesh

शादी वाले दिन प्रेमी के साथ फरार हो गई दुल्हन, फिर पिता ने लिया ये फैसला

बांदा, (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के बांदा में एक घर में शादी समारोह चल रहा था, तभी बारात वाले दिन दुल्हन अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई. जब दुल्हन के परिजनों को पता चला तो सभी हैरान रह गए. इसके बाद दुल्हन के पिता ने अपनी छोटी बेटी की शादी उसी दूल्हे से कर उसे विदा किया. पिता ने दुल्हन के प्रेमी के खिलाफ शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है. जानकारी के अनुसार, यह मामला तिंदवारी थाने के एक गांव का है. यहां के रहने वाले एक शख्स ने पुलिस से की गई शिकायत में कहा है कि उसकी बेटी की शादी 8 जून को थी. कन्नौज जिले से बारात आनी थी. उसी दौरान गांव का एक युवक दुल्हन को बहला फुसलाकर ले गया. पीड़ित पिता ने आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है. वहीं बारात जब दुल्हन के दरवाजे पर पहुंची तो पता चला कि दुल्हन प्रेमी के साथ फरार हो गई है. इसके बाद दुल्हन के पिता ने उसी मंडप में दूल्हे के साथ अपनी छोटी बेटी की शादी करने का फैसला किया.

खेल

शार्दुल ठाकुर बने 'लॉर्ड ऑफ ओवल'

लगातार तीन अर्धशतक और हर बार टीम इंडिया को संकट से निकाला

लंदन, (एजेंसी) शार्दुल ठाकुर भारतीय टीम के नए संकटमोचक बन गए हैं। विदेशी जमीन पर जब टीम इंडिया मुश्किल में होती है तो शार्दुल कभी गेंद से काम आते हैं तो कभी बल्ले से। इस बार शार्दुल ने यह कमाल इंग्लैंड के ओवल में कर दिखाया। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली पारी में 109 गेंद पर 51 रन की शानदार पारी खेली। उनका टेस्ट में यह चौथा अर्धशतक है।

शार्दुल जब बल्लेबाजी के लिए आए तो टीम इंडिया का स्कोर छह विकेट पर 152 रन था। यहां से उन्होंने अजिंक्य रहाणे का बखूबी साथ दिया। उन्होंने रहाणे के साथ सातवें विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी की। रहाणे और शार्दुल की साझेदारी ने भारत के ऊपर से फॉलोऑन के खतरे को टाल दिया। शार्दुल नौवें बल्लेबाज के तौर पर आउट हुए। भारतीय टीम पहली पारी में 296 रन पर सिमटी। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने 469 रन बनाए थे। उसे पहली पारी के आधार पर 173 रन की बढ़त मिली।

शार्दुल अपनी शानदार बल्लेबाजी के दम पर ओवल के लॉर्ड बन गए हैं। उन्होंने इस मैदान पर लगातार तीसरी पारी में अर्धशतक लगाया। पिछली बार जब टीम इंडिया इंग्लैंड दौरे पर गई थी तब शार्दुल ने कमाल किया था। उन्होंने 2021 में दोनों पारियों में अर्धशतक लगाया था। शार्दुल जब पहली पारी में बल्लेबाजी के लिए उतरे थे तब टीम इंडिया का स्कोर छह विकेट पर 117 रन था। उन्होंने 36 गेंद पर 57 रन बनाए थे। दूसरी पारी में जब भारत का स्कोर छह विकेट पर 312 रन था तब शार्दुल ने 72 गेंद पर 60 रन की पारी खेली थी। भारत उस टेस्ट में 157 रन से जीता था।

शार्दुल ने ओवल में लगातार तीसरा अर्धशतक लगाकर ऑस्ट्रेलिया महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन और एलन बॉर्डर के रिकॉर्ड की बराबरी की। ब्रैडमैन ने 1930 से 1934 तक ओवल में लगातार तीन पारियों में 50 से ज्यादा रन बनाए थे। वहीं, बॉर्डर ने 1985 से 1989 तक ऐसा किया था।

भारत के लिए शार्दुल ठाकुर के अलावा अजिंक्य रहाणे ने 89 रन की पारी खेली। रवींद्र जडेजा ने भी 48 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए पैट कमिंस ने तीन विकेट लिए। स्कॉट बोलैंड, कैमरून ग्रीन और मिचेल स्टार्क को दो-दो विकेट मिले। नाथन लियोन ने एक विकेट लिया।

सिनेमा

सोशल मीडिया से ब्रेक लेने की सच्चाई जान काजोल पर बुरी तरह भड़के लोग, कहा- शर्मनाक तरीका

काजोल ने शुक्रवार को एक पोस्ट किया जिसमें उन्होंने बताया कि वह जिंदगी के मुश्किल दौर से गुजर रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वह सोशल मीडिया से ब्रेक ले रही हैं। उनके इस पोस्ट के बाद फैन्स बहुत परेशान हो गए और उनके लिए दुआएं करने लगे। लोग पूछने लगे कि ऐसा क्या हुआ जिसकी वजह से वह सोशल मीडिया से दूरी बना रही हैं। काजोल के इस पोस्ट के कुछ ही घंटों बाद सच्चाई भी सामने आ गई। जिसके बाद लोग उन्हें खरीखोटी सुनाने लगे। यूजर्स का कहना था कि इस तरह की नौटंकी उन्हें नहीं करनी चाहिए थी। काजोल के इंस्टाग्राम से सारे पोस्ट भी गायब हो गए थे जो कि दोबारा से दिखने लगे हैं। दरअसल पूरा मामला उनकी आने वाली वेब सीरीज 'द ट्रायल' से जुड़ा हुआ है। इसी के साथ काजोल ओटीटी पर भी डेब्यू करने वाली हैं। इस कोर्टरूम ड्रामा को लेकर काजोल ने सोशल मीडिया से दूरी बनाने का पोस्ट किया था। वेब सीरीज का मोशन पोस्टर जारी कर दिया गया है। काजोल की यह वेब सीरीज डिजनी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज की जाएगी। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'परीक्षा जितनी कठिन होगी, वापसी उतनी ही मुश्किल होगी। 12 जून को मेरे कोर्टरूम ड्रामा द ट्रायल, प्यार, कानून, धोखा का ट्रेलर देखें। जल्द ही डिजनी प्लस हॉटस्टार पर आ रहा है।'

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्रा ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।